




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 245 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 19 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया




**बड़े अस्पताल में मरीजों की भीड़**

मौसम की मार से इन दिनो हर कोई हलकान है। यही कारण है कि निजी अस्पतालो के साथ ही बड़े अस्पताल में मरीजो की भीड़ लगातार बढ़ रही है। बड़े अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ लग रही है तो वही भर्ती मरीज से मिलने वालो के पास बनाने वाले काउंटर पर भारी भीड़ दिखाई दे रही है।

## मंदसौर की सब्जीमंडी में आरबीआई का कार्यालय..!

### सरकार-आरबीआई नहीं, यहां से बंद होता है नोटों का प्रचलन, पांच के नोट व्यापारियों ने लेना किए बंद

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** वैसे तो आरबीआई के निर्देशानुसार और योजनानुसार ही नोटों को बंद किया जाता है या प्रचनलन में लाया जाता है। लेकिन, मंदसौर की बात करें तो यहां पर सब्जीमंडी तय करती है कि कौन से नोट प्रचलन से बाहर किया जाना है और किस नोट का अस्तित्व बनाए रखना है। बात कर रहे हैं पांच के नोट की। सब्जी मंडी में सबसे पहले इस नोट से सब्जी विक्रेताओं ने तौबा करना शुरु कर दी। स्थिति यह हो गई कि धीरे धीरे बाजार में छोटे बड़े व्यापारियों ने यह नोट लेना बंद कर दिए। वहीं समीपस्थ राजस्थान में पांच के नोट बिना किसी हिचक के लिए जा रहे हैं।

परेशानी यह है कि जिन लोगों के पास एक लाख से ज्यादा पांच के नोट है, वह तनाव में है। इसका कारण है कि बैंक वाले भी पांच ही नहीं बल्कि दस के नोट लेने में भी आनाकानी कर रहे हैं। इसका कारण है कि इन्हें गिनने में बैंक वालों को परेशानी होती है। कुछ समय पहले 10 के सिक्के पर भी अफवाह उड़ी थी कि इसे बंद किया जा रहा है। इसके बाद आरबीआई ने जब बयान जारी किया तब लोगों को इसका डर दूर हुआ। उस वक्त भी लोगों ने अफवाह की वजह से 10 के सिक्के लेना बंद कर दिया था।

#### राजस्थान में चल रहे नोट...

समीपस्थ राजस्थान में पांच के नोट लेने से कोई मना नहीं कर रहा। आसानी से पांच के नोट से लेन-देन हो रहा है। लेकिन, वहां कुछ जगहों पर दस के नोट और पांच व दस के सिक्के नहीं लिए जा रहे। इससे लोग परेशान है।

#### इंकार करना अपराध...

देश में चल रही किसी भी मुद्रा को लेने से इंकार करना अपराध की श्रेणी में आता है। कोई भी ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर कराई जा सकती है। आरबीआई की वेबसाइट पर भी शिकायत की जा सकती है। बैंक भी यदि सिक्के या छोटे नोट लेने से मना करता है तो उसकी शिकायत भी आरबीआई से कर सकते हैं। बैंक को जवाब देना होगा।




#### बैंक वाले भी कर रहे आनाकानी...

महत्वपूर्ण बात यह है कि बैंक वाले ही दस या पांच के नोट लेने में आनाकानी कर रहे हैं। मंदसौर के जीतेश जैन ने बताया कि दस के नोट की एक हजार की गड्डी देने पर दस रुपए अतिरिक्त लिए जा रहे हैं। वहीं पांच के नोट से तो कई बैंकों ने तौबा ही कर ली है। एक, दो या दस के सिक्कों की भी यहीं स्थिति है। बैंक में अगर एक हजार के सिक्के भी ग्राहक लेकर जाता है तो उसे रिटर्न कर दिया जाता है। इसका कारण है कि बैंक वालों के पास गिनने का समय नहीं है। जबकि, आरबीआई के नियमानुसार कोई भी बैंक इंडियन करेंसी को लेने से मना नहीं कर सकता।

#### ऐसे बंद होते हैं नोट...

सिक्के या नोट बंद करने से पहले केंद्र सरकार अधिसूचना जारी करती है। 500, 1000 और दो हजार के नोट बंद करने से पहले ऐसा ही हुआ था। इससे पहले केंद्र सरकार ने 25 पैसे का सिक्का भी बंद किया था। अभी भी 50 पैसे के सिक्के घोषित रूप से बंद नहीं हुए हैं। यह देश के कुछ हिस्सों में चल रहे हैं।

## हरे पेड़ काट कर बेच रहे माफिया

राजू सोनी

**नाहरगढ़, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** एक तरफ सरकार पर्यावरण बचाने के लिए तमाम तरह के कार्यक्रमों की घोषणा कर रही है। जगह-जगह पौधारोपण किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ उसके ही महकमे पर्यावरण क्षरण रोकने में सुस्त रवैया अपनाए हुए है। वन विभाग, स्थानीय, थाना, तहसील अधिकारी सभी अवैध पेड़ो की कटाई पर मौन है। धड़ल्ले से पेड़ो कां कत्लेआम किया जा रहा है। इन पेड़ो के एवज में अगर थोड़े बहुत पेड़ लगाए भी गए हैं तो वो भी ऐसी प्रजाति के, जिससे पर्यावरण को कोई फायदा नहीं होता है। इससे आमजन को फायदा कम बल्कि अतिक्रमणकारियों को फायदा अधिक हो रहा है। इसका असर पर्यावरण पर भी पड़ रहा है।

हालत यह है कि पेड़ो की संख्या तेजी से कम होने की वजह से सड़को पर धूल और जलाशयों में प्रदूषण तो बढ़ ही रहा है, साथ ही मौसम भी प्रभावित हो रहा है। इसका बुरा असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। नाहरगढ थाना क्षेत्र में तथा नगर में लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। प्रतिबंधित पेड़ो का अवैध कटान कर बेचे जा रहे हैं। इसकी जानकारी के बाद भी स्थानीय पुलिस व वन कर्मियो को है। लेकिन वे पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। यदि नाहरगढ नगर की बात की जाए तो यहां माताबोर के



चारो तरफ तथा बिल्लोद सड़क किनारे बड़ी मात्रा में लकड़ी के ढेर मौजूद है। क्षेत्र लकड़ी माफियाओं के लिए मुफीद साबित हो रहा है। जहां इस काम में लगे माफिया, बबूल, नीम, पीपल सहित अन्य प्रजाति के पेड़ो की आड़ में अन्य प्रतिबंधित पेड़ काट रहे हैं। इतना ही नहीं इस काम में लगे लोग पेट्रोल पंप के पास व माताबोर मंदिर पास सड़क के किनारे लकड़ी का ठेका चला रहे हैं। यहां लकड़ियों की बेशकीमती खरीदारी की जा रही है। जहां से उसे ट्रकों में लाद कर गंतव्य तक भेजा जा रहा है। मुख्य मार्ग के किनारे हो रहे लकड़ी केइस अवैध कारोबार की जानकारी स्थानीय पुलिस सहित वन कर्मियों को भी है। इसके बावजूद जिम्मेदारों की खामोशी माफियाओं के हौसले बुलंद कर रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण प्रेमियों ने कलेक्टर, पुसि कप्तान एवं वन मंडलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है।

#### राजस्थान सहित अन्य राज्यों में जा रही लकड़िया...

नाहरगढ क्षेत्र ही नहीं जिले में कई जगहों पर हरे पेड़ो की कटाई जमकर हो रही है। साथ ही बड़ी मात्रा में अवैध रूप से परिवहन व संग्रहण भी किया जा रहा है। पेड़ो के अवैध कारोबार के तार सिर्फ जिले तक ही सीमित नहीं है। बल्कि, जिले में 65 आरा मशीनें संचालित हैं। इसके अधिकतर आरा मशीनों पर पेड़ो के चिरान कर पटिया बनाकर लकड़िया राजस्थान सहित महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली सप्लाई हो रही है। जिले के अनेक क्षेत्रों से लकड़ियों के गट्ठे बनकर जा रहे हैं। तीन विभागों पर जिम्मेदारी होने के बाद भी पर्यावरण संरक्षण के लिए बीते कई सालों से कोई प्रयास नहीं हुए। आलम यह है कि जिले का जलस्तर लगातार गिर रहा है। सिर्फ गरोठ, भानपुरा, शामगढ ... शेष पेज 4 पर

## अच्छी बारिश के लिए करना होगा इंतजार

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** लोकल वेदर सिस्टम स्ट्राग होने की वजह से आज बुधवार को जिले के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। इधर मंगलवार को भी सुबह से बादल छाए रहे। हालांकि दोपहर में तेज धूप का असर महसूस किया गया। इसके साथ ही उमस से लोगों के हाल बेहाल थे। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री बना हुआ है।

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम जानकारों के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में आ रहा मानसून गुजरात मे ठहरा हुआ है। इसी कारण से 15 जून तक एमपी में पहुंचने वाला मानसून अब तय समय से 4-5 दिन देरी से पहुंचेगा। एमपी में अब मानसून के 21 जून तक पहुंचने की संभावना है। जिले में यह 25 जून के आसपास पहुंचेगा। इससे पहले प्री मानसून की एक्टिविटी जारी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन, व टर्फ लाइन की वजह से आंधी बारिश का दौरा बना हुआ है। वहीं नार्थ ईस्ट अरब सागर और सौराष्ट्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। अगले 4-5 दिन तेज हवाएं चलेगी। यह हवाएं मानसून को आगे बढ़ाएगी। मौसम वैज्ञानिक सुरेंद्रन ने बताया, मानसून अभी एक जगह पर स्थिर है और आगे नहीं बढ़ रहा है। इसलिए मध्यप्रदेश में अगले कुछ दिन तक मानसून का इंतजार करना पड़ेगा।

## अफजलपुर में शराब पकड़ाई, पुलिस ने नहीं किया रात तक खुलासा!



**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को शराब पकड़े जाने की खबर आई। लेकिन देर रात तक पुलिस ने इस मामले में कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया और ना ही कोई खुलासा किया।

मिली जानकारी के मुताबिक अफजलपुर थाना क्षेत्र मैं एक ट्रैक्टर ट्रॉली से अवैध शराब ले जाए जा रही थी। जिसे बरामद किया गया। पकड़ी गई शराब करीब 23 पेटी बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रैक्टर के चालक को भी हिरासत में लिया और थाने ले गई। लेकिन, शाम तक इस मामले में किसी भी तरह का ना तो प्रकरण दर्ज किया गया और ना ही कोई खुलासा किया गया। सोशल मीडिया पर इस पूरे मामले को लेकर जो वीडियो सामने आए, उसमें भी पुलिस नहीं दिखाई दे रही है। बल्कि कुछ अन्य लोग शराब उतार रहे हैं। जिसके चलते कहा जा रहा था कि ठेकेदार के लोग शराब पकड़ कर पुलिस प्रकरण दर्ज कराने का प्रयास कर रहे हैं और पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही है।



## रसोईघर का बजट बिगड़ा

### बाहर से आने वाली सब्जियों की आवक कम हुई, दो गुना हुए भाव

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** सब्जी मंडी में भिंडी, टमाटर, गिलकी, पालक, हरी मिर्ची, धनिया सहित अन्य हरी सब्जियों के भाव में तेजी जारी है। जिससे रसोईघर का बजट गड़बड़ा रहा है। बताया जा रहा है कि मौसमी बदलाव का असर साग-सब्जियों की कीमतों पर दिखने लगा है। खपत की तुलना में आपूर्ति कम होने से सब्जियों की कीमतों में उछाल आ गया है।

थोक मंडी की तुलना में फुटकर बाजार में सब्जियां दोगुनी महंगी तक बिक रही हैं। इससे उपभोक्ताओं की जेब पर महंगाई की मार पड़ रही है। सब्जियों के थोक विक्रेताओ के मुताबिक पिछले दिनों तापमान सामान्य से अधिक रहा, जो सब्जी उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए चुनौतियां बढ़ा रहा है। खेतों में सब्जियां खराब हुई, जिससे मंडियों में आपूर्ति कम हो रही है। इधर बारिश में देरी भी इसका एक प्रमुख कारण है। मंडी में टमाटर 200 से 350 रुपए कैरेट बिका। मंडी में टिंडोरी 25 से 30, तुरई 25 , मिर्च 25, चूंकदर 10 से 12 किलो बिका।

## स्मार्ट मीटर के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी ने जहर खाया

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ के आरोपी ने मंगलवार को जहर खा कर जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। उसे गंभीर हालत में बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

दरअसल मंदसौर शहर के खानपुरा निवासी रिजवान खान पिता फरीद खान ने अपने विद्युत कनेक्शन पर लगे स्मार्ट मीटर के साथ छेड़छाड़ करने के उद्देश्य से आबिद पिता रफीक खान निवासी नयापुरा को बुला कर मीटर को टेंपर्ड करने का प्रयास कर रहे थे। उसी समय मौके पर विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी ने पहुंच कर घटना का वीडियो बना लिया। सहायक यंत्री शहर श्री पीयूष पंवार ने सिटी कोतवाली पुलिस थाना मंदसौर में दोनो के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 139 के तहत एफआईआर दर्ज करवाई है। मौका पंचनामा बनाकर मीटर एवं अन्य सामग्री जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज कराया था। बताया जा रहा हैं की इसी मामले में परेशान होकर रिजवान ने जहर खाया होगा।

## युवती ने खाया जहर, मौत

### परिजनों ने प्रेमी पर लगाया प्रताड़ना और धोखा देने का आरोप

**नीमच, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम नेवड़ में सोमवार शाम को भारती नाम की युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे गंभीर हालत में बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेफर किया गया। मगर परिजनों ने नीमच के ही एक निजी अस्पताल भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मंगलवार को परिजनों की मौजूदगी में युवती के शव का बड़े अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गय।

मामले में मृतका की मां ने प्रेमी पर पैसे मांगने, शादी के नाम पर धोखा देने,शोषण करने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए है। बताया जा रहा है कि आरोपी नईम खान स्कूल में पढ़ाई के दौरान भारती के संपर्क में आया और उससे दोस्ती की। बाद में शादी का झांसा देते हुए उसका शोषण किया। इस दौरान युवती गर्भवती हुई और उसने एक बेटी को भी जन्म दिया। जब परिजनों ने युवक से शादी की बात कही तो वह जल्द शादी करने का भरोसा युवति और परिजनों को देता रहा मगर शादी नहीं की।

बताया जा रहा है कि युवक के शादी नहीं करने और एक बेटी को जन्म देने के बाद युवती आर्थिक परेशानी को चलते रोजगार के लिए दिल्ली चली गई थी। वहां भी युवक पहुंच गया और झूठे दिलासे देने लगा। फिलहाल युवती अपने घर ही रह रही थी। घटना वाले दिन प्रेमी युवक उससे मिलने गया था। बताया जा रहा है कि इनके बीच कुछ कहासुनी भी हुई थी। जिसके बाद भारती ने यह कदम उठा लिया। परिजनों की मांग है कि मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसी के चलते परिजन पोस्टमॉर्टम के बाद शव लेकर नीमच सिटी थाने पर भी पहुंचे थे। हालांकि पुलिस ने समझाईश देकर उन्हें रवाना कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## जिला बदर बदमाश शहर में घूम रहा था, पुलिस ने दबोचा

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला बदर होने के बाद भी मंदसौर शहर में घूमते हुए पाऐ जाने पर पुलिस ने एक बदमाश को दबोच लिया। उसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाऐगा।

यशोधर्मन नगर थाना प्रभारी संदीपसिंह मंगोलिया ने बताया कि पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की जिला बदर आरोपी नाहरू पिता मोहम्मद खा मेवाती निवासी इन्द्रा कालोनी अभी एलआईसी चौराहा पर बैठा है। जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाही करते हुए जिला बदर आरोपी नाहरू पिता मोहम्मद खा मेवाती निवासी इन्द्रा कालोनी को एलआई सी चौराहा मंदसौर से दबोचा। उस पर जिला बदर आदेश की अवहेलना का प्रकरण दर्ज किया। पकड़े गऐ आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाऐगा।






फालोअप

## मां को दफनाकर वहीं पर तीन दिन शराब पीते रहे आरोपी

### सिर मुंडवाया तो दामाद को हुआ शक, कलयुगी बेटे और उसके दोस्त को पहुंचाया सलाखों के पीछे

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा के कचहरी चौक में मां की हत्या के मामले में पुलिस ने एक दिन पहले ही बेटे और उसके दोस्त को हिरासत में ले लिया था। पूछताछ में उसने बताया की शव को घर में ही दफन कर क्रब पर गद्दा डाला, उसी पर बैठकर तीन दिन तक दोस्त के साथ शराब पार्टी करता रहा। दुर्गंध फैली तो घर बंद कर ननिहाल चला गया। मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे कमलेश पिता कन्हैयालाल धोबी और उसके दोस्त संतोष पिता बसंतीलाल धोबी को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में सामने आया है कि मां को गाढ़ने के बाद कब्र पर दोनों आरोपी तीन दिन तक शराब पीते रहे। इसके बाद सिर मुंडवाने पर दामाद को शंका हुई।

#### नशे में देखकर मां ने बेटे को मारा था थप्पड़...

बेटे को नशे में धुत देखकर मां गंगाबाई नाराज हो गई। उसने गुस्से में बेटे को थप्पड़ मार दिया। मां का थप्पड़ पड़ा तो बेटा आगबबूला हो गया। उसने दोस्त के साथ मिलकर मां को पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में गंगाबाई का सिर पत्थर से टकरा गया। वह जमीन पर गिर गई और खून से लथपथ काफी देर तक तड़पती रही। इसके बाद उसकी मौत हो गई। आरोपी का इतने पर भी दिल नहीं पसीजा, उसने दोस्त की मदद से घर में सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में मां की लाश को उठाकर दफन किया और ऊपर से रेत डाल दी, फिर गद्दा बिछा दिया।गंगाबाई की लाश को ठिकाने लगाने के बाद दोस्त अपने घर चला गया, जबकि बेरहम बेटा कब्र के ऊपर ही सो गया। तीन दिनों तक दोनों कब्र के ऊपर बैठकर शराब पार्टी करते रहे। बदबू आने लगी तो आरोपी बेटा राजस्थान के पगारिया गांव स्थित अपने ननिहाल भाग गया।

#### मुंडन करवाकर लौटा साला, तो जीजा को हुआ शक...

17 जून को आरोपी कमलेश मुंडन करवाकर भानपुरा लौट आया। आरोपी के मुंडन करवाने से गांव में ही रहने वाले दामाद भगवान लाल शर्मा को शंका हुई। उन्होंने मुंडन का कारण और सास गंगाबाई की खैर खबर पूछी। आरोपी उसकी बात सुनकर घबरा गया और बिना कुछ कहे घर की ओर भाग गया। साले की इस हरकत से भगवान भी सीधे घर पहुंचा। यहां सेप्टिक टैंक के पास खोदे गए गड्ढे से दुर्गंध आ रही थी। उसने रेत हटाई तो एक लाश नजर आई। लाश सास गंगाबाई की थी। भगवान ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुरे मामले का खुलासा हुआ।



**शिकायत पर कार्यवाही–** सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत के बाद सहकारी बाजार रोड स्थित एसबीआई के बाहर से यातायात पुलिस व नगरपालिका ने सड़क पर खड़े वाहन जप्त किए।

# दशपुर जागृति संगठन ने मनाया वीरांगना लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर दशपुर जागृति संगठन जिला इकाई मंदसौर द्वारा नगर पालिका के सहयोग से लक्ष्मीबाई चौराहे पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। संगठन ने वीरांगना का बलिदान दिवस जब तक सूरज चांद रहेगा लक्ष्मीबाई का नाम रहेगा , लक्ष्मीबाई का यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान के नारों के साथ मनाया गया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल



गुर्जर एवं नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने भी अवसर पर उपस्थित होकर महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतीमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की उषा दीदी व हेमलता दीदी द्वारा शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संगठन के वरिष्ठचंद्रप्रकाश बिश्नोई ने कहा दशपुर जागृति संगठन की आवाज को सुना जाने लगा है यह 15 वर्षों की मेहनत का ही कमाल है। घर-घर क्रांतिकारी पहुंचाना हमारा लक्ष्य रहेगा। उनकी विचारधाराओं का देश बनकर रहेगा। 2026 तक सफेद पोज एवं ईमानदार कहीं जाने वाली यदि नहीं सुधरे उनकी संपत्तियों को राजसात किया जाएगा। संगठन के वरिष्ठसदस्य राजाराम तंवर, अजीजुल्ला खान खालिद अपने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा आज समय की आवश्यकता है घर से निकलकर चौराहे पर अपनी बात को रखें और किसी के भरोसे ना रहे। राष्ट्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है अपने कार्यों में तेजी लाएं पोस्टकार्ड अभियान चलाएं। संगठन के सचिव आशीष बंसल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महेश शर्मा ने क्रांतिकारी कविता का पाठ किया। संगठन की सीमा चौरडिया ने भी अपने विचार रखते हुऐ कहा कि आज राष्ट्र में बहनों के अधिकारों को और आवश्यकता है भारत पुरुष प्रधान देश हमेशा रहा है इसलिए महिलाओं को कमजोर समझ जाता है यदि महिलाओं को अधिकार दे दिए जाएंगे तो वह और अच्छे से कार्य करेंगे। संगठन के युवा साथी अरुण गोड़ ने कहा कि जम्मू कश्मीर लेह लद्दाख चारों तरफ जहां भी देश को जरूरत है अग्नि वीरों की संख्या बढ़ाई जाए और चप्पे-चप्पे पर युवाओं को रखा जाए। भारत में युवाओं की कमी नहीं है देशद्रोहियों को घर से निकलकर उनकी संपत्तियों को तहस-नहस किया जाए। संगठन के उपाध्यक्ष बीएस सिसोदिया ने सबका आभार मानते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सपना नगर पालिका अध्यक्ष रामा देवी गुर्जर अवश्य पूरा करेंगी, राज्यसभा सांसद श्री बंसीलाल गुर्जर ने भी इस पर मोहर लगाई है की 2024 में हमारी पूरी कोशिश रहेगी की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को नगर में लगाया जाएगा। संगठन के संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम ने कहा कि यह देश का पहला संगठन है जो आजादी के महानायकों का स्मरण करते हुए उनकी विचारधारा को स्थापित करने के लिए चौराहे-चौराहे पर अपनी आवाज रख रहा है और जो देशभक्त है वह इसकी आवाज को सुन भी रहे हैं। लक्ष्मीबाई का यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान का मतलब यह है कि किसी भी क्रांतिकारी का बलिदान बेकार नहीं जाएगा हम लक्ष्मीबाई के बलिदान पर शपथ लें कि हम भी मातृशक्ति की रक्षा करेंगे और वीरांगना लक्ष्मीबाई के पद चिन्हों पर अपनी बच्चियों को और परिवार की बेटियों को चलाएंगे यही संकल्प लेना चाहिए। यह जानकारी सत्येंद्र सिंह सोम ने दी।

# तेलिया तालाब का निरीक्षण किया



**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने नपा अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम के साथ तेलिया तालाब पहुंचे और उन्होंने पिकनिक स्पॉट, यशोधर्मन प्रतिमा स्थल, तालाब वेस्ट वियर एवं आसपास के सभी क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कि दौरान जल कार्य सभापति श्री निलेश जैन, शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गरिमा भाटी, नपा उपयंत्री महेश शर्मा, भाजपा नेता अजय रत्नावत, राजेश मण्डवारिया, नपा कर्मचारी जाकिर भाई भी साथ थे।

राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने तेलिया तालाब के जल भराव में कोई परेशानी नहीं आवे इसके लिये पानी की आवक में जहां भी बाधा है उसे हटाने पर नपा के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ चर्चा की। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह को निर्देश दिये कि वर्षा प्रारंभ होने के पूर्व तेलिया तालाब के सभी किनारों को अच्छी तरह साफ सफाई कराये। वेस्ट वियर व तालाब के पास वाली पाल को भी अच्छी तरह देख ले। यदि वहां अनावश्यक पौधे उग आये है तो उन्हें भी हटाये। तेलिया तालाब सुंदर दिखे इसके लिये जो भी मेंटनेंस कार्य किया जाता है वह करें। पिकनिक स्पॉट पर जो भी पौधे एवं पेड है उनकी नियमित देखभाल हो। उनकी कटाई छटाई पर भी ध्यान दो। निरीक्षण के दौरान जलकार्य सभापति निलेश जैन, क्षेत्रीय पार्षद गरिमा भाटी ने अपने सुझावों से सांसद श्री गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर को अवगत कराया।



# अभिभावक एवं शिक्षकगण विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दे-जैन

## कलेक्टर ने गिरदौड़ा में विद्यार्थियों का स्वागत कर पाठ्य पुस्तके वितरीत की

**नीमच, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी अभिभावक एवं शिक्षकगण शाला में दर्ज विद्यार्थियों की उपस्थिति बढाने पर विशेष ध्यान दे। यह सुनिश्चित करें, कि सभी विद्यार्थी नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित होकर पढाई करें। यह बात कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने स्कूल चले हम अभियान के तहत मा.वि.गिरदौडा में आयोजित प्रवेशोत्सिव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही।

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, डीपीसी सुश्री किरण आंजना ने कक्षा पहली एवं छटवीं में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुष्प हार पहनाकर, तिलक लगाकर स्वांगत किया और उन्हें पाठ्य पुस्तदके वितरीत की। कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि छोटे बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति ज्यादा तेज होती है। सभी विद्यार्थी स्कूल में नियमित रूप से आए और पढाई करें। शिक्षकगण भी अभिभावकों से संपर्क कर, विद्यार्थियों की शाला में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के 36 शासकीय स्कूलों में इस साल से प्री प्रायमेरी कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। इन विद्यालयों में छोटे बच्चों की नर्सरी, के.जी.कक्षाए संचालित होगी। छोटे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाएगी। उन्होने कहा, कि जनसहयोग से सभी शालाओं में विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर उपलब्ध करवाया गया है। अब सभी बच्चे फर्नीचर पर बैठकर अध्यापन कर सकेंगे। कलेक्टर ने अभिभावकों से कहा कि बच्चे खेलकूद के साथ पढाई भी करें और जो होमवर्क उन्हें दिया जाता है, वह होमवर्क भी करें। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने कहा कि स्कूल 18 जून से प्रारंभ हो रहे है। इसका आशय है, कि बच्चों को 18 जून से नियमित रूप से स्कूल आना है। सभी बच्चे नियमित रूप से स्कूल आए, पढाई करे, शिक्षकगण पर भी इस पर विशेष ध्यान दे। प्रारंभ में कलेक्टर श्री जैन एवं अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीआरसी श्री योगेश कंडारा, प्रधानाध्यक्ष श्री भेरूलाल तंवर, शिक्षक श्रीमती राजमणी शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि श्री नाथूलाल माली, श्री सुनील कुमार, जनपद सदस्य श्री बंटी यादव ने अतिथियों का स्वागत किया और साफा भेंट किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा, डी.पी.सी.सुश्री किरण आंजना, अभिभावकगण, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

# शिक्षा जीवन और देश की प्रगति का सर्वोत्तम मार्ग है-सांसद

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा परिवार, समाज के और देश के विकास का सर्वोत्तम आधार है। शिक्षा के बीना



जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती। उक्त बात लाल बहादुर शास्त्री उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश उत्सव के अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कही। उन्होने मध्य प्रदेश शासन द्वारा मनाए जा रहे प्रवेश उत्सव के अवसर पर सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होने कहा कि शिक्षा प्राप्त कर परिवार समाज और देश को गौरवित करें। देश में अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने अनिवार्य शिक्षा प्रारंभ की और स्कूल चले अभियान की शुरुआत की। आज परिणाम यह है कि देश का हर बच्चे को अनिवार्य शिक्षा का जो संकल्प अटल जी ने लिया था वह पूरा होता दिख रहा है। प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में देश में शिक्षा का विकास हुआ है। आज हमारी शिक्षा नीति विश्व की सर्वोत्तम शिक्षा नीतियों में से एक है। आज हमारे ही क्षेत्र में ऐसे कई उदाहरण है जो बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर आए और उन्होंने अपने पारिवारिक व्यापार चाहे वह कृषि हो चाहे उद्योग हो उसमें अपने पिता के अपने व्यवसाय को नई उंचाइयां दी है और यही उदेश्य हमारे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन जी का है कि हर वर्ग का बच्चा स्कूल जाएं और उसके लिए मध्य प्रदेश शासन और भारत सरकार ने समूचे प्रयास और व्यवस्थाएं की है जिसका लाभ आज लाखों बच्चों को प्राप्त हो रहा है। उन्होने आशा व्यक्त की शिक्षा प्राप्त कर आप व्यापार व आधुनिक रोजगार से जुड़कर एक सशक्त और मजबूत भारत का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी ने विद्यालय परिसर में पौधा रोपण भी किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय के समस्त स्टाफ सहायक संचालक टेरेसा, निज सहायक संचालक बी ई ओ आनंद डाबर, प्रधानाचार्य डॉक्टर विनीता प्रधान, आशीष बंसल, विजय जोशी, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत उपस्थित है।

# नपाध्यक्ष व नपा उपाध्यक्ष के आतिथ्य में विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार दिनांक 18 जून को गांधी चौराहा स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में नवीन सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश लेने वाली छात्राओं का प्रवेशोत्सव मनाया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय परिसर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य के.सी. सौलंकी, हमीद जैदी भी मंचासीन थे। इन्होंने नवप्रवेशी छात्राओं को माला पहनाकर उन्हें नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। तत्पश्चात् अतिथियों का स्वागत कुंदन सांखला, गोपाल सुनार्थी, गिरवर माली सहित विद्यालय स्टॉफ के द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि आज ही के दिन महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस है और यह विद्यालय भी उन्हीं के नाम पर बना है। विद्यालय की बालिकाएं लक्ष्मीबाई केजीवन से प्रेरणा ले। आपने कहा कि माता पिता बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देंगे तो बालिकाये अवश्य ही परिवार का नाम गौरवान्वित करेगी। नपा उपाध्यक्ष श्रीमती चावला ने कहा कि छात्र-छात्राएं मोबाइल का उपयोग सावधानी से करे। मोबाइल के उपयोग में यदि सावधानी रखेंगे तो यह आपके लिये उपयोगी है अन्यथा इसके दुष्परिणाम भी है। आपने इस अवसर पर महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश भी डाला। स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय प्राचार्य के.सी. सौलंकी ने स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रतापसिंह के संदेश का वाचन भी किया। श्रीमती शांता व्यास, रेणुका आचार्य भी उपस्थित थी।





# विद्या अध्ययन कभी भी व्यर्थ नहीं जाती है-सिसौदिया

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्रवेश आर्थी छात्रों को प्रवेश दिलवाते हुए उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि छात्र हित में सरकार बजट में बड़ा प्रावधान स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से करता है, छात्रों से माता-पिता एवं समाज की यही अपेक्षा रहती है कि वह पढ़-लिख करके नेक और योग्य इंसान बने, श्री सिसौदिया ने कहा कि विद्या अध्ययन कभी भी व्यर्थ नहीं जाती है, छात्र परिश्रम की पराकाष्ठ करें तथा अपने लक्ष्य तय करें, उन्होंने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में नित नए नवाचार करते हुए विद्यालयों के उन्नयन के प्रति निरंतर काम कर रही है, श्री सिसौदिया ने यह भी कहा कि दो दशक में विद्यालयों का स्तर सुधरा है, सी एम राइस जैसे आधुनिक विद्यालय तथा मेडिकल कॉलेज जैसी उच्च शिक्षा की व्यवस्था भी सरकार के साथ कर रही है, श्री सिसौदिया ने कहा कि छात्रों के लिए सिर्फ एक ही काम है और वह है खूब मेहनत कर पढ़ाई करें, आज जमाना पढ़ लिख कर आगे बढ़ने का है छात्र पढ़ाई पर ध्यान देते हुए प्रतिस्पर्धी बने, कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती सुनीता भावसार, प्राचार्य श्री धर्मपाल सिंह देवड़ा की उपस्थित थे।

# भाटखेड़ी में एक्सीडेन्टल कार्ड शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** भाटखेडी मे एक्सिडेंटल कार्ड शिविर लगाया। ग्रामीणों ने जागरूकता दिखाई और अपने वाहनों पर एक्सिडेंटल कार्ड लगाकर अपने जीवन की सुरक्षा डोर को मजबूत किया। एक्सिडेंटल कार्ड एक क्यूआर कोड है जो घटना दुर्घटना के दौरान आपका मददगार बनेगा। दूर्घटना होने पर आसानी से परिवार को सूचित किया जा सकता है।

**एक्सीडेंटल कार्ड –**आपका नाम, आपके वाहन का नंबर, आपका मोबाइल नंबर, आपके बल्ड ग्रुप की जानकारी, आपके निवास की जानकारी, आपके तीन परिचित परिवारजन रिश्तेदार ओर दोस्तों के नाम और मोबाइल नंबर साथ लेकर चलता है इसमें एम्बुलेंस, डायल सौ व सडक आपातकालीन नंबर भी रहेगा। तो आज ही अपने वाहन पर एक्सीडेंटल कार्ड लगाए और अपने जीवन की सुरक्षा डोर को मजबुत करें।



**इसकी कीमत है मात्र 50 रुपए–** वही बीमा कराने पर 100 रुपए में एक्सिडेंटल कार्ड लगाया जाएगा जिसमे एक्सिडेंटल कार्ड धारी की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 5000 का क्लेम दिया जाएगा बीमा अवधि 3 साल रहेगी। भाटखेड़ी में शिविर के दौरान एक्सिडेंटल कार्ड की टीम ने लोगो को जागरूक किया। साथ ही यातायात नियम की जानकारी भी लोगो दी। एक्सिडेंटल कार्ड और स्पोर्ट मार्केटिंग टीम गांव में यातायात नियम की इस पहल की हर कोई तारीफ कर रहा है ग्रामीणों का कहना है टीम एक्सिडेंटल कार्ड लगाकर परिवारजन से जोड़कर रखती है इनका यह कार्ड घटना दुर्घटना में मददगार बनेगा। सही समय पर दुर्घटना की सूचना मिलने पर घायल का उपचार सही तरीके हो सकता है उचित उपचार उन्हें मिल जाएगा। परिवाजन अपनी सुविधा अनुसार उन्हें किसी भी हॉस्पिटल में ले जासकते है। एक्सिडेंटल कार्ड टीम की यह पहल सराहनीय है। इसमे कार्डधारक का ब्लड ग्रुप भी पता चल जाता है जिससे ब्लड की जरूरत होने र समय पर उसकी व्यवस्था की जा सकती है। भाटखेड़ी में 100 से अधिक लोगो ने एक्सिडेंटल कार्ड लगाकर जागरूकता दिखाई। वही गांव ले अन्य व्यक्ति जिन्होंने अभी तक कार्ड नही लगाया वह भी टीम से सम्पर्क कर अपने वाहन पर एक्सिडेंटल कार्ड क्यूआर लगवा रहे है।

# स्वस्थ रहने का महामंत्र है योग...

## पत्र संपादक के नाम

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय मनीषियो ने तन और मन को स्वस्थ रखते हुवे आध्यात्मिक उत्थान की जिस विद्या को विकसित किया आज उसका प्रभाव संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में दिखाई दे रहा हे। भारत में योग को स्वस्थ रहने की लगभग 5000 वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त हे और यह हमारे देश के लोगो की जीवनचर्या का हिस्सा हे। संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में संपूर्ण विश्व को स्वस्थ रहने का मंत्र दे दिया। विश्व के लगभग 200 देशो का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के समर्थन में आना इस बात का संकेत हे की मानव जीवन को स्वस्थ बनाने के लिए योग लाभदायी हे और योग दिवस मनाना वैश्विक हित से जुडा हे। आज पूरा विश्व अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में प्रतिवर्ष 21 जून को इसकी महिमा को प्रणाम कर रहा हे। योग मात्र शारीरिक व्यायाम नही अपितु एक सम्पूर्ण चिकित्सा विज्ञान हे। जीवन दर्शन हे। मनुष्य स्वयं अपना मित्र और शत्रु दोनो होता हे जिसने स्वयं को जीत लिया वह अपना बंधु होता हे अन्यथा व्यक्ति अपने ही शत्रु की तरह व्यवहार करता हे। स्वयं पर विजय की इस यात्रा में चित्त की चंचलता सबसे बडी बाधा हे। चित्त को योग अभ्यास और आध्यात्म से साधा जा सकता हे। योग मन व चित्त की एकाग्रता को बड़ाकर हमारे जीवन को ऊर्जा प्रदान करता हे। भारतीय संस्कृति की इस अनुपम आरोग्य निधि ने आज पूरे विश्व को साझा स्वास्थ्य सूत्रो से जोड़ दिया हे। जब दुनिया वैश्विक महामारी कोविड 19 की चपेट में थी तब दुनियाभर ने माना की रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ाने के लिए दिनचर्या में योग को शामिल किया जाए। एक अध्ययन से पता चला की जिन्होने भी उस समय भारतीय योग को अपनी दैनिक जीवनचर्या का अंग बनाया वे कोरोना संक्रमण को मात देकर सकुशल परिवार के पास लोटे। योग मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य हे। भारत की प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार हे योग जिससे आज संपूर्ण विश्व चमत्कृत हे। बीते कुछ समय से योग ऐसी वैकल्पिक पद्धति के रूप में उभरा हे जो जीवन को संतुलित, सुखमय और निरोगी बनाती हे। योग को लेकर देश विदेश में पिछले कुछ अरसे में ऐसे शोध हुवे हे जो इसकी महत्ता को सिद्ध करते हे। आज विश्व में माना जाने लगा हे की योग स्वास्थ संरक्षण की एक ऐसी पद्धति हे जो न केवल हमारे जीवन में गुणात्मक सुधार लाती हे वरन हमारी जीवनशैली को बेहतर भी बनाती हे। गलाकाट प्रतिस्पर्धा से अस्त व्यस्त होती दिनचर्या, तनाव और तेजी से गहराते प्रदूषण ने मनुष्य की सेहत को ग्रहण लगा दिया हे। आधुनकिता में जकडा मनुष्य मन व देह में संतुलन नही साध पा रहा हे। इन सारी समस्याओ से मुक्ति का कारगार समाधान हे योग। योग को हिंदुत्व से जोड़ना अनावश्यक हे। योग को विवादित बनाने वाले संकीर्णता के दोषी हे। जापान से आया जूडो और चीन से आया कराटे दुनिया भर में लोकप्रिय हे हालांकि इस मार्शल आर्ट का संबंध बौद्ध धर्म से हे लेकिन इन्हे सीखने या जानने के लिए आपको बौद्ध धर्म को जानने व समझने की आवश्यक्ता नही हे। ये हमे अपनी आत्मरक्षा में सक्षम बनाते हे यही जानना हमारे लिए पर्याप्त हे। ठीक उसी तरह योग हमे स्वस्थ और तनावमुक्त बनाता हे हमे सहज और स्वाभाविक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता हे इतना जानना पर्याप्त हे। विद्या चाहे कन्ही भी उत्पन्न हो अंतत: वह सम्पूर्ण मानवता की थाती बन जाती हे।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

### ****** वट सावित्री व्रत ******

# सनातन धर्म में पति की दीर्घायु के लिये किया जाने वाला स्त्रियों के लिए विशेष वट सावित्री व्रत एवं पर्यावरण संरक्षण 2024

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** 21 जून 2024 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को वट सावित्री व्रत रखा जाएगा। सनातन धर्म में बताए गए व्रत त्योहार और उपासना कर्म प्रकृति के प्रति प्रेम आस्था और विश्वास को दर्शाते हैं, हमारे ऋषि मुनियों ने पर्यावरण सुरक्षा एवं वृक्षारोपण को लेकर शास्त्रों में विभिन्न प्रसंग द्वारा जनमानस को प्रकृति प्रेम के प्रति जागरूक किया है, पूजा-पाठ हवन वृक्षारोपण इत्यादि द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्रकृति को ही परम शक्ति के रूप में पूज्य बताया है। इसी क्रम में महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु के लिए किया जाने वाला तीन दिवसीय व्रत वट सावित्री व्रत के नाम से जाना जाता है। इस संदर्भ में सावित्री द्वारा अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से पुन: प्राप्त करने वाली ऐतिहासिक कथा सामने आती है। इस कथा में राजा अश्वपति को मां सावित्री की आराधना से प्राप्त कन्या सावित्री के नाम से प्रसिद्ध हुई सावित्री का विवाह सत्यवान से हुआ लेकिन विवाह के कुछ समय बाद पता चला कि सत्यवान की आयु मात्र 1 वर्ष ही बाकी है, जब पति की आयु पूर्ण होने का समय आया तो देवी सावित्री ने अखंड सौभाग्य की प्राप्ति एवं अपने पति की रक्षा के लिए यह व्रत किया था। लेकिन जब सत्यवान का अंतिम समय आ गया और यमराज उसकी आत्मा को ले जाने लगे तब सावित्री अपने पति के मृत शरीर को वट वृक्ष के सानिध्य मे छोड़कर यमराज के पीछे गई



(भविष्य पुराण में बताया गया है कि उस समय वट वृक्ष ने सावित्री के पति सत्यवान के मृत शरीर को अपनी जटाओ में सुरक्षित रखा था ताकि जंगली जीव मृत शरीर को कोई नुकसान न पहुंच सके), सावित्री ने यमराज से प्रार्थना की और अपने व्रत तपोबल से अपने पति सत्यवान को पुन: जीवित प्राप्त किया और यमराज ने उसे अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्रदान किया। यह सब संभव हुआ उसके व्रत, तप, पति व्रता धर्म, उपासना और वट वृक्ष की महिमा के कारण क्योंकि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वटवृक्ष में ब्रह्मा विष्णु महेश तीनों का निवास होता है, और जिस पर इन दिनों की कृपा हो जाए उसके लिए क्या अप्राप्य रह जायेगा, धर्म ग्रंथो में उल्लेख मिलता है कि भारतीय संस्कृति में पांच वट वृक्षों का अधिक महत्व है, अक्षयवट, पंच वट, वंशी वट, गया वट और सिद्ध वट। इन वट वृक्षों की प्राचीनता के बारे में बहुत सी कथाएं प्रचलित है, सनातन धर्म में उक्त पांच वटो को को पवित्र वट वृक्ष की श्रेणी मे रखा गया है, प्रयाद मे अक्षयवट, नासिक मे पंच वट, वृंदावन में वंशी वट, गया मे गया वट और उज्जैन मे पवित्र सिद्ध वट है।

**अब जानते हैं वट सावित्री व्रत के बारे में–** ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि से पूर्णिया तक यह तीन दिवसीय वट सावित्री व्रत किया जाता है क्योंकि पूर्व काल में देवी सावित्री ने द्वादशी से पूर्णिया पर्यंत सौभाग्य को देने वाला यह वट सावित्री व्रत किया था, इस व्रत में स्त्रियां माता सावित्री एवं वटवृक्ष की पूजा करते हैं अपने पति की दीर्घायु की कामना करती है तथा अपने मनोवांछित वरदान को प्राप्त करती है, इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है सुखों में वृद्धि होती है, संतान धन संपत्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वट सावित्री व्रत की तिथि को लेकर कुछ भिन्न मतहै, स्कंद पुराण तथा भविष्योत्तर पुराण के अनुसार ज्येष्ठमास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को यह व्रत करने का विधान है, जबकि निर्णयामृत आदि के अनुसार ज्येष्ठमास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को यह व्रत करने का विधान है, मध्य प्रदेश- गुजरात आदि में व्रत शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को ही किया जाता है। स्त्रियों को शुक्ल पक्ष की द्वादशी को प्रात: काल ही तीन दिवस व्रत का संकल्प लेकर माता सावित्री और वटवृक्ष की विधान से पूजा करनी चाहिए तथा पूर्णिमा के दिन माता सावित्री को विशेष सौभाग्य सामग्री भेंट करके अपना व्रत पूर्ण करे, (बाद मे यह सामग्री योग्य धर्म-कर्म मे रत ब्राम्हण को दान दे देवे) तथा पूजा करके एक-एक वट वृक्ष अवश्य ही लगाना चाहिए, इससे माता सावित्री के साथ ही त्रिदेव की कृपा भी प्राप्त होती है, तथा पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण में भी हम अपनी एक मुख्य भूमिका निभा पायेंगे, व्रत उपासना एक प्रकार का त्याग है, हम इसे स्वहितार्थ ही करते हैं।

आने वाली 19,20,21 जून 2024 क्या व्रत किया जाएगा। यह ना समझे की यह व्रत मात्र स्त्रियों के लिए है, पूर्णिमा व्रत शुक्रवार के शुभ अवसर पर यदि आप पांच पीपल के वृक्ष लगाकर उन्हें गोद लेकर लक्ष्मीनारायण का ध्यान करते हुए उनकी पांच परिक्रमा करते है तो निश्चय ही माता लक्ष्मी की कृपा आप पर बरसती है और सभी प्रकार के धन धान्य ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

**ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी**
**जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर**

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 95 | 2290 | 2405 |
| उड़द | 6 | 4250 | 6301 |
| सोयाबीन | 5000 | 3951 | 4701 |
| गैहु | 5000 | 2481 | 3081 |
| चना | 400 | 5800 | 6650 |
| मसुर | 212 | 57331 | 6270 |
| धनिया | 220 | 4500 | 7581 |
| लहसुन | 12000 | 5200 | 22300 |
| मैथी | 970 | 4300 | 6034 |
| अलसी | 1201 | 4901 | 6112 |
| सरसो | 631 | 4500 | 5408 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 91 | 8000 | 13350 |
| प्याज | 4302 | 500 | 2500 |
| कलोंजी | 30 | 11111 | 19001 |
| डॉलर | 38 | 5700 | 9780 |
| तिल्ली | 3000 | 11300 | 12243 |
| मटरसुखी | 4 | 2410 | 3680 |
| असालीया | 11 | 8856 | 9499 |

# सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर माता-पिता के साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन करें-उप मुख्यमंत्री

**स्कूल चलें हम अभियान के तहत जगदीश देवड़ा सीएम राइज स्कूल मल्हारगढ़ के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए, उप मुख्यमंत्री ने नवीन बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर पुस्तकें प्रदान की**





**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा आज मल्हारगढ़ सीएम राइज स्कूल में स्कूल के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। स्कूल चलें हम अभियान के तहत यह कार्यक्रम प्रदेश के साथ-साथ सभी जिलों तथा जिलों के प्रत्येक विद्यालय में आयोजित किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने स्कूल में प्रवेश पाने वाले नवीन बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें मंच से ही पुस्तके भी भेंट की। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, मल्हारगढ़ एसडीएम, स्कूल प्राचार्य, जिला अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल के बच्चे, आम नागरिक, पत्रकार मौजूद थे।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने स्कूल में बच्चों को पढ़ाया। उन्होंने बच्चों को बताया कि किस तरह से पढ़ाई की जाती है, कैसे अध्ययन करना चाहिए। किस तरह शिक्षक की बात मानना चाहिए। किस तरह से शिक्षा हमें अच्छे भविष्य की ओर ले जाती हैं। एक शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमारे आने वाले भविष्य के द्वार खोलती हैं।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा कहा गया कि बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं। आज प्रवेश उत्सव कार्यक्रम जिले के साथ-साथ प्रदेश में मनाया जा रहा है। बच्चों का स्वागत करके स्कूलों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। बच्चों का मन सच्चा होता है, बच्चे भगवान के समान होते हैं। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं। उनको जैसा चाहे वैसा बनाया जा सकता है, लेकिन यह जिम्मेदारी पालक और शिक्षक की होती है। सीएम राइज स्कूल के माध्यम से स्कूल के बच्चों को बहुत अच्छा वातावरण मिल रहा है। बेहतर शिक्षा मिल रही हैं। इन स्कूलों में हर तरह की सुविधा फ्री में मिल रही हैं। प्रधानमंत्री ने भी आने वाले भारत की चिंता करते हुए प्रत्येक कार्य किया है। बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र की हर सुविधा सरकार के माध्यम से मिल रही है। सुविधा के साथ-साथ पढ़ना बच्चों का महत्वपूर्ण दायित्व होता है और यह दायित्व उनके माता-पिता का भी हैं। इसलिए सभी अपने बच्चों को अच्छी शिष्टाचार, संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करें। बच्चों को समय पर स्कूल भेजें। इसके साथ ही सभी शिक्षक भी बच्चों को इतना अच्छा पढ़ाए कि भविष्य में बच्चे शिक्षक को याद रखें। बचपन सीखने के लिए होता है, इसलिए सभी मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करें। सीएम राइज स्कूल का मुख्य उद्देश्य था कि गरीब से गरीब एवं दुरुस्त रहने वाला बच्चा भी फ्री में शिक्षा प्राप्त करें। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। स्कूलों में जो शिक्षक की कमी है। उस कमी को दूर करने के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कलेक्टर को भी निर्देश देते हुए कहा कि सीएम राइज स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों का प्रवेश करवाए। ताकि अधिक से अधिक बच्चे निशुल्क बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके। बहुत जल्द गांधी सागर का पानी मल्हारगढ़ के खेतों तक पहुंचेगा। जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर शुद्ध पीने का पानी का पहुंचेगा, इन दोनों योजना के निर्माण पर कार्य चल रहा है बहुत जल्द कार्य पूरे हो जाएंगे। मल्हारगढ़ में 50 बिस्तर अस्पताल का निर्माण हो इसके लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विशेष तौर पर सभी से कहा कि सभी को अपने गांव पर गर्व महसूस होना चाहिए और यह गर्व तभी महसूस होता है जब हम गांव की अच्छे से साफ-सफाई करें। इसकी चिंता हम सभी को करना चाहिए। अंत में उन्होंने सभी स्कूल के बच्चों से कहा कि सभी बहुत अच्छे से पढ़ाई करें तथा देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने स्कूल परिसर में ही पौधारोपण किया। तथा सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए तथा पर्यावरण को बचाएं।

## रोड़ी पर खाद डालने की बात पर विवाद, छह लोग नामजद

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** रोडी पर खाद डालने की बात को लेकर 2 पक्षों में विवाद हो गया। मामले में पुलिस ने 6 लोगों को नामजद किया है। अफजलपुर पुलिस के अनुसार मामला ग्राम धतुरिया का है। पहले पक्ष से पप्पूबाई पति जुझारलाल सूर्यवंशी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि घनश्याम पिता रामप्रसाद मालवीय, मायाबाई, कारीबाई पति रामप्रसाद ने रोडी पर खाद डालने की बात को लेकर मारपीट की व धमकाया। वहीं दूसरे पक्ष से राधेश्याम पिता रामप्रसाद बलाई की रिपोर्ट पर बाबूलाल पिता भुवानीराम सूर्यवंशी, जुझारलाल पिता बाबूलाल, हरिओम पिता बाबूलाल सूर्यवंशी के खिलाफ मारपीट व धमकाने का प्रकरण दर्ज किया।

## तालाबों से गाद का कमर्शियल उपयोग न हो, खनिज विभाग कार्यवाही करें-कलेक्टर

### साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न



**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय की समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने खनिज विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि तालाबों में गाद का प्रयोग किसान अपने खेत के लिए कर सकता है, लेकिन अगर कहीं पर कमर्शियल कार्यों में किया जा रहा है, तो संबंधित व्यक्ति की विरुद्ध सख्त कार्यवाही करे। कमर्शियल उपयोग करने वाले पर एफआईआर दर्ज करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

सभी सीएमओ मल्टी स्टोरी भवनो की फायर एनओसी एवं इलेक्ट्रिक सेफ्टी की जांच करके रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। किसी भी गौशाला में अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। अगर गोशाला में अतिक्रमण है, तो तुरंत हटवाए। सात दिन बाद समीक्षा की जाएगी। सभी सीईओ अमृत सरोवर के आसपास पौधारोपण अच्छे से हो इसके लिए अभी से तैयारी करें। फुवारे से सिंचाई के माध्यम से अधिक से अधिक लोग खेती करें, इसके लिए जल निगम, कृषि विभाग किसानों को जागरूक करें। फुवारा सिंचाई के फायदे किसानों को बताएं।

## तीन साल से फरार तस्कर को गुना से पकड़ा

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** मादक पदार्थो की तस्करी के मामले में फरार आरोपी को तीन साल बाद पुलिस ने गुना से गिरफ्तार किया हैं। आरोपी साल 2020 से फरार था, जिसके बाद से ही पुलिस उसे तलाश कर रही थी।

नारायणगढ़ थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी ने बताया कि नारायणगढ़ में मादक पदार्थो की तस्करी के मामलें में मनोजसिह पिता भगवान सिंह उर्फ भगवान दास मोर्य उम्र 38 साल निवासी पृथ्वीनगर हरीजन बस्ती सिरोल जिला ग्वालियर फरार था, पुलिस लगातार इसकी तलाश कर रही थी। मुखबीर से आरोपी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गुना से गिरफ्तार किया।

## हरे पेड़ काट कर बेच रहे माफिया...

पेज 1 से जारी

क्षेत्र में 100 क्विंटल से अधिक जलाऊ लकड़ी संग्रहण की अनुमति किसी के पास नहीं है। लेकिन, हकीकत कुछ और बयां कर रही है।

**फैक्टरियो में रोज पहुंच रहा 200 क्विंटल लकड़ी का पावडर**–जिले में धड़ल्ले से ट्रॉलियों में अवैध लकड़ियों का परिवहन हो रहा है। जानकारी के अनुसार सरसों, अलसी, सोयाबीन व गेहूं के भूसे तथा लकड़ी के भूसे को मिलाकर फैक्ट्रियों में बॉयलर के काम आने वाले गट्टे बनाए जाते हैं। यह माल राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र सहित जिले की फैक्टरियो में जा रहा है। अनुमानित 200 क्विंटल लकड़ी का रोज पाउडर फैक्टरी में बन रहा है। बड़ी मात्रा में लकड़ी काटकर पहुंचना राजस्व एवं वन विभाग पर सवाल खड़े कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार लकड़ी को जलाने की किसी भी फैक्टरी में अनुमति नहीं है। साथ ही इतनी अधिक मात्रा में संग्रहण अवैध श्रेणी में आता है। यह कास्ट चोरान 1984 अधिनियम की धारा 9 एवं 12 के अनुसार अवैध है।

**घंटों चलती मशीने**–जिले में 65 से अधिक आरा मशीनों को वन विभाग ने लाइसेंस दिए हैं। वन विभाग द्वारा दिए लाइसेंस के अनुसार प्रत्येक आरा मशीन संचालक को एक माह में 5 से 7 घनमीटर मासिक चीरान की अनुमति जारी की जाती है। कई आरा मशीन से चालकों के दो हजार से अधिक के बिल आते हैं। बिजली कंपनी द्वारा ली गई मीटर रीडिंग से आरा मशीन संचालकों द्वारा अवैध तरीके से 120 गुना अधिक लकड़ियों की कटाई का खुलासा होता है। आरा मशीन संचालकों ने 20 एचपी के मीटर लगा रखे के हैं। लेकिन, लोड लगभग 15 एचपी आता है। 15 एचपी लोड 1 घंटे तक चलता है तो मीटर में 12 से 15 यूनिट बिजली खपत बनती है। 1500 से 2000 यूनिट खपत होती है तो एक माह में लगभग 400 घंटे 20 एचपी लोड चला होगा यानी 1 दिन में 13- 14 घंटे मशीन चलना मतलब एक ही दिन में 1800 घन मीटर कटाई अवैध है।

**लकड़ियो का खुलेआम कत्ल, कार्रवाई केवल औपचारिकता**-पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले इस कारोबार को रोकने के लिए केवल वन विभाग ही जिम्मेदार नहीं है। इस पूरे अवैध कारोबार में सबसे अहम रोल पुलिस और राजस्व विभाग निभा सकता है। लकड़ियों की कटाई राजस्व विभाग के क्षेत्र से होती है, इसके बाद लकड़ियों का खुलेआम सड़को पर परिवहन होता है। पुलिस विभाग को अवैध परिवहन रोककर संबंधित विभाग को प्रकरण ट्रांसफर करने की अनुमति है। वहीं, भू राजस्व संहिता के अनुसार राजस्व विभाग द्वारा भी अवैध परिवहन, अवैध कटाई पर कार्रवाई करने की अनुमति है। जिले में जमकर अवैध कटाई, अवैध परिवहन एवं अवैध संग्रहण हो रहा है। वन विभाग के जानकारों के अनुसार अवैध कटाई पर भू-राजस्व अधिनियम की धारा 241 के तहत कार्रवाई करने का राजस्व विभाग को प्रावधान है। जबकि, अवैध परिवहन पर वनोपज व्यापार अधिनियम 1989 की धारा 5, 15, 16 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41 के तहत प्रकरण दर्ज करने का प्रावधान है। अवैध संग्रहण पर काष्ठ चीरान 1984 की धारा 9, 12 के तहत वन विभाग को कार्रवाई का प्रावधान बताया है।

## दुर्घटना में हुई थी मौत, बुलेट चालक पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने 3 माह बाद केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 11 मार्च 2024 को जलोदिया मार्ग पर बुलेट (एमपी 14 एनजी 4705) ने भुवानीसिंह राजपूत को टक्कर मार दी थी, जिन्हें मंदसौर के बाद अहमदाबाद रेफर किया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुत्र कमलसिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने बुलेट चालक के खिलाफ धारा 304 ए में केस दर्ज किया।

## नि:शुल्क पुस्तकें वितरीत कर किया विद्यार्थियों का स्वागत



**नगरी, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर के एकीकृत शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्पहार से स्वागत किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित रही 27 छात्र एवं 34 छात्राओं को नि: शुल्क पाठ्यपुस्तकें जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में प्रदान की गईं। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि घनश्याम बग्गड़, उपाध्यक्ष घनश्याम अटोलिया, पार्षद मुकेश चचावद, पीरुलाल सरगरा, भागीरथ खेर तथा नरेंद्र वक्तरिया की उपस्थिति रही। संस्था की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रीता शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल चले अभियान के उद्देश्यों एवं वांछित लक्ष्यों के बारे में जानकारी देते हुए अकादमिक क्रियाविधियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संस्था के शिक्षक शंकर सिंह चौहान, मोहनलाल डोहरा, भंवरलाल सागित्रा, रिलीफ पचोलिया, गोपाल धाकड़ एवम अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल डोहरा ने तथा आभार प्राचार्य श्रीमती शर्मा ने माना।

# कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**मनासा, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** बालिकाओं को संस्कारवान बनाने हेतु गायत्री परिवार व सहयोगी संस्था भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित 5 दिवसीय आवासीय कन्या कौशल शिविर (व्यक्तित्व विकास शिविर) आयोजन मनासा गयात्री शक्ति पीठ पर आयोजित हुआ जिसमें मनासा तहसील की लगभग 15 गाँवो से आई 43 बालिकाओं ने प्रशिक्षण लिया। कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर में कन्याओं ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन निर्माण के विभिन्न आयामों के अंतर्गत यज्ञ, योग, ध्यान, आसन, बंद मुद्रा ,गीत, संगीत ,वैदिक मंत्रों के साथ जीवन जीने की कला का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया बालिकाओं द्वारा नगर में जागृति हेतु चल समारोह भी निकाला गया जिसका मनासा नगर की कई संस्थाओं ने जगह जगह स्वागत किया।

प्रशिक्षण के लिए गायत्री परिवार हरिद्वार से प्रशिक्षित पवन भैया एवं निशा दीदी द्वारा बच्चों को बहुत ही सरल एवं सहज तरीके से प्रतिदिन प्रशिक्षित किया गया व जीवन जीने की कला के साथ साथ सनातन संस्कृति की भी सम्पूर्ण जानकारी इतने कम समय मे अधिकतम देने का प्रयास किया। भारत विकास परिषद शाखा मनासा के सदस्यों व महिला सदस्यों द्वारा प्रतिदिन उपस्थित होकर लस्सी ,मटका कुल्फी, नींबू शिकंजी ,ठंडाई का वितरण किया। बिदाई समारोह के दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ सीमा अजय तिवारी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा नीलिमा मारू गायत्री परिवार के जिला समन्वयक श्री गिरिराज चौहान गायत्री परिवार मनासा के वरिष्ठ परिजन श्री बंशीलाल कछावा ने संबोधित किया। साथ ही भारत विकास परिषद के अध्यक्ष पंकज पोरवाल ने अपने विचार व्यक्त किये। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस बिदाई समारोह के दिन भारत विकास परिषद शाखा मनासा द्वारा बालिकाओं को स्पेशल बिदाई किट प्रदान किये गए। जिसमे भारत विकास परिषद के अध्यक्ष पंकज पोरवाल, कोषाध्यक्ष सुनील सोनी सेवा प्रमुख आशीष पलोड,माधव मुंगड,डॉक्टर अजय विजयवर्गीय, अंकेश झंवर, अंकुश सोडानी,गौरव मंत्री के साथ ही महिला प्रमुख राखी पलोड,डिम्पल मुंगड,एवं महिला सदस्य सीमा तिवारी,किरण सोनी,आरती झंवर,सपना सोडानी विशेष रूप से उपस्थित थी।

गायत्री परिवार द्वारा भी सभी बच्चों को प्रमाण पत्र व प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाली बालिकाओं को शील्ड का वितरण किया गया साथ ही एक साहित्यिक किट उनके द्वारा भी प्रदान किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन महेश धनोतिया द्वारा किया गया और अंत में निशा दीदी द्वारा एक बिदाई गीत गाया जिससे वहा पर उपस्थित प्रत्येक बंधु,मातृशक्ति व बालिकाओं की आंखें नम हो गई। सफलतम सम्पन्न कार्यक्रम के लिए गयात्री परिवार शाखा मनासा ने सभी सहयोगी स्नेहीजनों एवं संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

## मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व मत्स्य परिवहन पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3(2) के अंतर्गत 15 अगस्त 2024 तक की अवधि में मत्स्याखेट निषेध किया गया है। इस दौरान मत्स्याखेट की रोकथाम मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व मत्सय परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा-3(2) के प्रावधानों के विरूद्ध एवं मत्स्य क्षैत्र संशोधन अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लघनकर्ताओं को एक वर्ष तक का कारावास या 5 हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

## सक्षम का स्थापना दिवस 20 को मनाया जाएगा

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस। दिव्यांगजनों के हितार्थ अग्रणी संस्था समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मण्डल (सक्षम) का स्थापना दिवस मंदसौर जिला इकाई द्वारा 20 जून को सायं 5 बजे केशव नगर विद्यालय संघ कार्यालय हाफिज कॉलोनी मंदसौर पर भव्यता व दिव्यता के साथ मनाया जाएगा।**

सक्षम के मालवा प्रांत सचिव डॉ. रविन्द्र पाण्डेय, जिलाध्यक्ष डॉ. अलका अग्रवाल ने बताया कि 20 जून को आयोजित कार्यक्रम में जिले के समस्त वह समाजजन जो दिव्यांगता के क्षेत्र में दिव्यांगों के प्रति सहानुभूति , स्नेह एवं समर्पण का भाव रखते हैं उन्हें दिव्यांग मित्र बनाया जाएगा । सक्षम समिति का विस्तार किया जाएगा साथ ही शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में भी जानकारी प्रदान की जाएगी। सक्षम जिला सचिव निवेदिता नाहर ने जिले के समस्त दिव्यांग बंधुओं, सामाजिक संगठनों एवं महानुभावों का इस गरिमामय कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 117 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**नीमच, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** कृषि भूमि पर आने जाने के आम रास्तो , शासकीय जमीनों से अवैध अतिक्रमण तत्काल हटवाएं। राजस्व अधिकारी रास्ता विवादों का निराकरण प्राथमिकता से करे। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में जनसुनवाई करते हुए दिए। जनसुनवाई में दारू निवासी नंदलाल सालवी ने अपनी कृषि भूमि पर आने जाने के रास्ते पर से अवैध अतिक्रमण हटवाने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर श्री जैन ने कार्यवाही करते हुए एसडीएम नीमच को उक्त निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में 117 आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में कलेक्टर ने मनासा के मुलचंद मीणा के आवेदन पर उसके पुत्रों के विरूद्व भरण पोषण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम मनासा को दिए। अठाना की कमलाबाई के आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम जावद को राजस्व प्रकरण दर्ज कर पटवारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने तथा अनावेदक चंदा बाई एवं चमन औड को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम भांडिया के रामचंद्र पुजारी, सुवाखेडा की चंचल यादव, ग्राम बामनिया की मनोहरी बाई नायक, जगेपुर के बद्रीलाल मीणा, गांधी नगर नीमच की उषा वैष्णोई, झालरी के लक्खा गुर्जर, जावद के मोहनलाल पंवार, विष्णोदेवी नगर नीमच के शिवराम पाटीदार, बरूखेडा के ताराचंद, दांता की सुरजबाई, खेडा बांगरेड के बंटी चंदेल, बोरखेडी के लालसिह, कलेपुर के शैलेन्द्र सिह, छायन के महेन्द्रसिह, जीरन की पूजा बैरागी, जावी के पंकज पाटीदार, बलवंत पाटीदार, बराडा के प्रहलादसिह, सिंगोली के ब्रदीलाल कुमावत, चचौर के जगदीश गुप्ता, रामपुरा के मुकेश गौड आदि ने भी जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं सुनाई।

## मंदसौर से लापता बालक इंदौर में मिला

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** घर से लापता हुए बालक को पुलिस ने इंदौर से खोज निकाला। उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया।

यशोधर्मन नगर पुलिस ने बताया कि महेश पिता कालुराम लोहार उम्र 54 साल निवासी अयोध्या बस्ती इन्द्रा कालोनी मंदसौर द्वारा अपने घर से नाबालिग बालक के लापता या अपहरण होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बालक की तलाश की। पुलिस ने अपने मुखबिरों को भी सक्रिय किया और बालक के रिश्तेदारों के यहां भी तलाश की। इस दौरान पुलिस ने इंदौर से बालक को ढूंढ निकाला और परिजनों के सुपुर्द किया।

## कलेक्टर ने जुनियर डाटा इन्ट्री आपरेटर गोयल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सुवासरा जूनियर डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री अजय गोयल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

ग्रामवासी किशोरपुरा द्वारा इस आशय की शिकायत प्रस्तुत की गई कि ग्राम किशोरपुरा स्थित भूमि सर्वे नंबर 773 पूर्व में शासकीय थी किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में उक्त भूमि निजी होकर अन्य अनावेदक के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। मामले की जाँच तहसीलदार सुवासरा के द्वारा जाकर पाया गया कि उक्त भूमि के खसरा खतौनी की प्रविष्टियों जाँच की जाने पर पाया गया कि उक्त भूमि के खसरे में कूटरचना की जाकर भूमि को खुर्दबुर्द किया जाकर शासकीय से निजी दर्ज किया जाना प्रतिवेदित करते हुए प्रकरण में श्री अजय गोयल, जुनियर डाटा इन्ट्री आपरेटर, तहसील सुवासरा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही बाबत लेख किया गया है। श्री अजय गोयल, जुनियर डाटा इन्ट्री आपरेटर, तहसील सुवासरा के द्वारा भूमि के खसरे में कूटरचना की जाकर भूमि को खुर्दबुर्द तथा प्रकरण में कूटरचित नकल को प्रमाणित करना श्री गोयल की अपने पदैन कर्तव्यों के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं संलिप्तता को प्रदर्शित करता है। श्री अजय गोयल, जुनियर डाटा इन्ट्री आपरेटर, तहसील सुवासरा को कर्तव्यों के निवर्हन में लापरवाही तथा उदासीनता बरतने के कारण म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1966 की धारा 09 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय भू-अभिलेख मन्दसौर रहेगा। निलंबन अवधि में श्री अजय गोयल, जुनियर डाटा इन्ट्री आपरेटर, तहसील सुवासरा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## कविसम्मेलन समिति का वार्षिक अधिवेशन 20 को

**मंदसौर, 18 जून गुरु एक्सप्रेस।** कवि मुन्ना बेट्री ने बताया कि हिंदी के लोकप्रिय कवियों की संस्था 'कवि सम्मेलन समिति' का राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 20 ओर 21 जून को रामनगर उत्तराखंड में होने जा रहा है। इस दो दिनी कार्यक्रम में देश भर से 125 से अधिक दिग्गज कवि कवियत्री आऐंगे। उल्लेखनीय है कि यह कविसम्मेलन जगत का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। कवि सम्मेलन समिति के सदस्य मन्दसौर के राष्ट्रीय कवि मुन्ना बेट्री ने बताया कि समिती के अध्यक्ष श्री अरुण जेमिनी जी उपाध्यक्ष श्री सर्वेश अस्थाना जी सचिव से रमेश मुस्कान जी सह सचिव श्री चिराग जेन जी एवं कोषाध्यक्ष श्री शशांक प्रभाकर जी है। मंचीय कवियों की सर्वमान्य संस्था कवि सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय अधिवेशन का उद्घाटन एव भव्य अवार्ड फंक्शन होगा जिसमें लोकप्रिय ( कवि पदमश्री डॉ अशोक चक्रधर जी) को वर्ष 2024 के 'कवि सम्मेलन समिति सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा इस अवसर पर अन्य भी अनेक कवियों को पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।

इस भव्य समाहरोह में पदमश्री सुरेंद्र शर्मा, पदमश्री सुरेंद्र दुबे, डॉ हरिओम पवार ओर श्री अरुण जेमिनी जी समेत देश के जाने माने काव्य हस्ताक्षर सम्मिलित होंगे। समिति के अध्यक्ष श्री अरुण जेमिनी जी ने बताया कि इस बार के अधिवेशन में काव्यजगत की समस्याओं और बढ़ती आधुनिकता से कविसम्मेलन संस्कृति को होने वाले नुकसान ओर फायदे तथा पर्यावरण में साहित्य के योगदान जैसे विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय कवि संगम मन्दसौर ओर अ. भा. साहित्य परिषद मन्दसौर ने अधिवेशन के सफल होने की शुभकामनाएं दी है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक K 7854355 में मेरा नाम अशोककुमार भावसार (ASHOK KUMAR BHAVSAR) अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम अशोक भावसार पिता श्री सालीगराम भावसार (ASHOK BHAVSAR) है जो मेरे आधार कार्डक्रमांक 5472-1409-1040 में अंकित है। अतः भविष्य में मुझे मेरे वास्तविक व सही नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**अशोक भावसार पिता श्री सालीगराम भावसार निवासी-102, बसेर कालोनी, मंदसौर (म.प्र.)**



**कार्यालय कलेक्टर जिला मंदसौर (म.प्र.)**

क्रमांक-180/प्रोटोकॉल/2024 मंदसौर, दिनांक-14.06.2024

**✻✻ द्वितीय संक्षिप्त निविदा सूचना ✻✻**

म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ-13/243/2010/1/4 दिनांक 16.03.2011 द्वारा माननीय राज्य अतिथि/विशिष्ठ अतिथि/माननीय मुख्यमंत्री महोदय/मंत्री महोदय के जिले में भ्रमण के दौरान सुरक्षा एवं फालो पायलट हेतु निजी सामान्य एवं वीआईपी वाहनों जैसे बोलेरो/तुफान/स्कार्पियो/आर्टिगा/इनोवा क्रिस्टा/इनोवा सादी/एक्सयूवी 700 की दरें नियत की जाना है

निविदा प्रारूप शर्ते एवं अन्य जानकारियां जिले की वेबसाइड https://mandsaur.nic.in एवं https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगी। ऑनलाईन निविदा के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

टेण्डर आईडी- 2024_DC_351047_1

| क्रमांक | कार्यवाही | निर्धारित तिथियां |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन टेण्डर (निविदा) का प्रकाशन एवं डाउनलोड करना | 14.06.2024, 03.00 PM |
| 2 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 08.07.2024, 03.00 PM |
| 3 | ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलना | 11.07.2024, 03.00 PM |
| 4 | ऑनलाईन वित्तीय निविदा खोलना, तुलनात्मक विवरण एवं निविदा का चयन स्थल | कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, मंदसौर |

निविदा की सम्पूर्ण प्रक्रिया https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से की जावेगी। ऑफ लाईन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
कलेक्टर द्वारा अनुमोदित

G-11973/24 **दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।**

अपर कलेक्टर
जिला-मंदसौर (म.प्र.)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in